**खबर संक्षेप**

## डीसीए की सीनियर डेज ट्रायल 4 दिसंबर को

**मण्डला।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता निशांत झा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन मंडला ने वर्ष 2025 - 26 के लिए जबलपुर में होने वाले अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सभी आयु वर्ग के पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है साथ ही 4 जनवरी 26 को सीनियर बालक वर्ग की ट्रायल सुबह 10 बजे होगी। चयन प्रकिया हेतु चयन समिति का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल सोनी, ललित जोशी, पंकज दुबे, इम्तियाज अली, अर्जुन भांडे एडवोकेट, निशांत झा एवं अक्षय चंद्रोल होंगे। सभी पात्र खिलाड़ी अपने दस्तावेज समेत कोच बसंत ठाकुर मेकल क्रिकेट अकादमी से संपर्क कर अपनी दस्तावेज, जो कि डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ औपचारिकता पूर्ण कर सकते हैं। पूर्व में जिन खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है वे दस्तावेज सहित उपस्थित होंगे। विदित हो कि यह टीम तारीख 9-10 जनवरी को डिंडोरी से जबलपुर में खेलेगी। टीमों के ट्रायल संबंधी जानकारी समय समय पर समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से दी जावेगी।

## नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई 3 जनवरी को

**मण्डला।** स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) के तहत विधानसभा क्षेत्र 107 मण्डला (अ.ज.जा.) के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 299, राज राजेश्वरी वार्ड एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 300 इंदिरा वार्ड के 50 नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गये हैं। जिनकी सुनवाई 3 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मण्डला के न्यायालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डला द्वारा की जाएगी।

## चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** श्रीमती रतिया बाई पति कालूराम निवासी ग्राम साल्हेपानी, तहसील निवास की 17 अगस्त 2024 को सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पति श्री कालूराम पिता श्री महासिंह के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

### साइबर सुरक्षा व आधुनिक पुलिसिंग पर विस्तृत दिया गया मार्गदर्शन

# जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन

*** उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुये पुरस्कृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कल दिनांक 02 जनवरी 2026 को रानी दुर्गावती कॉलेज, मंडला के सभागार में जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा द्वारा सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए किया गया।

सम्मेलन के प्रथम चरण में पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा द्वारा डीजीपी/आईजी कॉन्फ्रेंस 2025 के निर्देशों एवं 1 जनवरी 2026 से ड्रग्स के विरुद्ध प्रारंभ हुई "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" अभियान के संबंध में पीपीटी माध्यम से विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग, विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से प्रभावी पुलिसिंग, खुफिया तंत्र एवं आधुनिक तकनीक (AI, डिजिटल टूल्स) का उपयोग, साइबर अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा, नशामुक्ति अभियान, ड्रोन एवं नई सुरक्षा चुनौतियाँ, आपदा प्रबंधन, अन्य एजेंसियों से समन्वय, परीक्षा माफिया नियंत्रण तथा पुलिस संगठनात्मक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।



ऑपरेशन क्लीन स्वीप (नशे को ना – जिंदगी को हाँ) अभियान के अंतर्गत थाना स्तर पर माइक्रो बीट के माध्यम से क्षेत्र को नशामुक्त बनाने, सप्लाई चैन तोड़ने, युवाओं को जागरूक करने, पीड़ितों के उपचार एवं पुनर्वास की सुनियोजित कार्ययोजना साझा की गई। साथ ही हॉटस्पॉट चिन्हितकरण, सप्लायर-उपभोक्ता निगरानी, माइक्रोबीट प्रभारी की सक्रियता, NDPS मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग, मानस हेल्पलाइन 1933 के प्रचार तथा निदान पोर्टल के आधार पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया। सीसीटीवी व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

सम्मेलन में एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा द्वारा उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों तथा शासन द्वारा जारी परिपत्रों की जानकारी दी गई।

साइबर सेल द्वारा बढ़ते डिजिटल वित्तीय अपराध, 1930 हेल्पलाइन, CFCFRMS सिस्टम, AI व डीपफेक फ्रॉड, क्रिप्टो इन्वेस्टिगेशन एवं OSINT तकनीक के प्रभावी उपयोग पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण में आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं पर अधिकारियों/कर्मचारियों से चर्चा कर समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के एसडीओपी पीयूष मिश्रा, मनीष राज, प्रीतम वालरे, सौरभ तिवारी, डीएसपी अर्चना अहीर, सतीश चतुर्वेदी एवं समस्त थाना व चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस बल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता, कैंसर पीड़ित बच्ची के इलाज के लिए दिये 5000



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शुक्रवार की दोपहर मंडला निवासी श्रीमती संतोषी तिवारी बड़ी उम्मीद के साथ अपनी समस्या लेकर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा से मिलने पहुंची। कलेक्टर से मिलकर उनकी बेटी के उपचार में आ रही आर्थिक समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को चेस्ट कैंसर है जिसका उपचार बॉम्बे हॉस्पिटल मुंबई में हो रहा है। बच्ची के पिता लकवाग्रस्त हैं। वह स्वयं मजदूरी कर घर का खर्चा उठा रही है। बच्ची के इलाज के लिए मुंबई आने-जाने में काफी खर्च होता है जो उनके पास नहीं है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनकी इस समस्या को सुनकर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपए का चैक देकर मुंबई आने-जाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। परिवारजनों ने इस तात्कालिक सहायता के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मेधावी छात्राओं को एसबीआई ने बांटी साइकिल



**मण्डला।** ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में शिक्षा के मार्ग को सुगम बनाने तथा छात्राओं की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरक पहल सामने आई है। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला (आरबीओ-5) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद से संचालित योजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान की गईं। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने वाली है बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा दे रही है। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं से 12वीं में अध्ययनरत कुल 14 छात्राओं को इस योजना के अंतर्गत पात्र पाया गया। इनमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राएं शामिल हैं जो दूरदराज के क्षेत्रों से प्रतिदिन विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना कर रही थीं।

## समीक्षा बैठक से पहले कलेक्टर ने ली विभागीय तैयारियों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन की आगामी पाँच जनवरी को आयोजित समीक्षा बैठक के मद्देनज़र जिले में प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित मामलों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 5 जनवरी 2026 को प्रस्तावित मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में जिले की प्रस्तुति तथ्यात्मक, अद्यतन एवं परिणामोन्मुखी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि एवं संबंधित क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पोषण, रोजगार-उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य, कानून व्यवस्था, विविध एवं अतिविशिष्ट बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रत्येक विभाग से योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कानून व्यवस्था, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और गुणवत्ता पर फोकस रखने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि समीक्षा बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जिले के समग्र विकास की दिशा तय करने का अवसर है। सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि मंडला जिला शासन की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडला के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते 11 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 29-31 दिसंबर तक आयोजित ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मंडला जिले के 11 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कुल 2 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल किए। जिला मंडला ताइक्वांडो महासचिव झामसिह तेकाम जानकारी देते हुए बताया कि खेलो ताइक्वांडो युथ स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा छत्तीसगढ़ बिलासपुर मै आयोजित इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम के 39 खिलाड़ी भाग लिऐ थे, जिसमे जिला मंडला से 11 प्रतिभागी शामिल थे। स्वर्ण पदक विजेताओं में सकुनतला ठाकुर और अम्बिका मार्को, रजत पदक में यसमीन सैयाम, सावन बैरागी, मानषी मरकाम, कशिश वरकड़े और निर्मिला कुलस्ते, तथा कांस्य पदक में प्रियंका मरावी, सरला सरोते, ललिता पूषाम और अजीत वरकड़े ने अपने-अपने वर्ग में जीत दर्ज की। सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

**आयोजन** | **71 मंडल व 20 बस्तियों में होंगे विशाल हिंदू सम्मेलन।**

# हिन्दू सम्मेलन हेतु किया गया भव्य कलश पूजन





*** माहिष्मती घाट में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले में शुक्रवार को माहिष्मती घाट पर आगामी विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर भव्य कलश पूजन का आयोजन किया गया। 15 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले के 71 मंडलों एवं 20 बस्तियों में प्रस्तावित वृहद हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला का शुभारंभ इस पावन अनुष्ठान के साथ हुआ। कलश पूजन उपरांत पूज्य संतों द्वारा आयोजन समिति के पदाधिकारियों व संयोजकों को कलश एवं सम्मेलन का ध्वज प्रदान किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका समापन पुनः माहिष्मती घाट पर मां नर्मदा के तट पर हुआ। यहां सभी श्रद्धालुओं ने संकल्प लेकर अपने-अपने क्षेत्रों के लिए प्रस्थान किया। विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूज्य संतों द्वारा कलश पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ समाज को स्वदेशी भावना से जोड़ना है। सम्मेलन के जरिए नागरिक कर्तव्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा आपसी एकता का संदेश देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर समाज को जागरूक किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बन सके। साथ ही सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रबोध की भावना को सुदृढ़ करना है। आयोजकों का कहना है कि हिन्दू सम्मेलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण का अभियान है, जिसके माध्यम से संगठित और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 15 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले के सभी 71 मंडलों एवं 20 बस्तियों में अलग-अलग तिथियों पर वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। वहीं 18 जनवरी को कुंभ स्थल, मंडला में नगर स्तरीय बृहद हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक परंपराओं के बीच संपन्न इस पावन अनुष्ठान में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के 71 मंडलों के पदाधिकारी, संयोजक, संतों, धर्माचार्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से सम्मेलनों में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## गणेश पुराण के पांचवें दिन श्रवण कराया गणेश गीता ज्ञान का वृतांत

*** कथावाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने सुनाया राजा वरेण्य को मिले गणेश गीता के ज्ञान का वृतांत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**मंडला के सुरंगदेवरी स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में आयोजित नौ दिवसीय श्री गणेश पुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के पांचवें दिन भगवान श्री गणेश के चरित्र का वर्णन सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।**

सिन्दूरासुर वध और सिन्दूर अर्पण का महत्व सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान गणेश के गजानन अवतार और सिन्दूरासुर वध का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ब्रह्मा जी से वरदान पाकर अहंकारी सिन्दूरासुर ने तीनों लोकों में आतंक मचाया था। जब भगवान श्री गणेश ने उसका वध किया, तो असुर के रक्त से प्रभु का शरीर सिन्दूरी वर्ण का हो गया। इसी प्रसंग के साथ कथा वाचक पंडित ललित नारायण ने बताया कि गणेश जी को सिन्दूर क्यों प्रिय है और कैसे सिन्दूर अर्पण करने से भक्तों के सभी विघ्न दूर होते हैं। कथा के दौरान राजा वरेण्य के प्रसंग ने श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। कथा वाचक पंडित ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि जब राजा वरेण्य ने अज्ञानतावश भगवान को पुत्र रूप में त्याग दिया था, तब बाद में आत्मज्ञान होने पर भगवान गणेश ने उन्हें गणेश गीता का उपदेश दिया। इस उपदेश के माध्यम से राजा को संसार की नश्वरता और निष्काम कर्म योग की शिक्षा दी गई, जिससे उनका कल्याण हुआ।



## खबर संक्षेप

### अनूपपुर/जैतहरी मार्ग पर 33 केवी लाइन में भारी अनियमितता

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर/ जैतहरी मुख्य मार्ग पर 33 केवी हाईटेंशन लाइन के विस्तार कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 11 निवासी जितेन्द्र सिंह ने लोकायुक्त, ऊर्जा विभाग और विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर ठेकेदार व संबंधित इंजीनियरों की भूमिका की जांच लोकायुक्त विशेष स्थापना पुलिस या आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग की है। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि अनूपपुर जिले की विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अनूपपुर से जैतहरी मार्ग पर 33 केवी लाइन का विस्तार कार्य निविदा शर्तों और सुरक्षा मानकों के विपरीत कराया जा रहा है। हाईटेंशन लाइन के लिए जहां लोहे के मजबूत खंभे लगाए जाने चाहिए थे, वहां कमजोर और गुणवत्ताविहीन सीमेंट के खंभे लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, खंभों की ऊंचाई भी निर्धारित मानकों से कम रखी गई है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनूपपुर/जैतहरी मार्ग अत्यंत व्यस्त और भारी वाहनों की आवाजाही वाला मार्ग है। जैतहरी स्थित मोजर वेयर कंपनी से लगातार भारी मशीनें और फ्लाई ऐश का परिवहन होता है। ऐसे में सड़क से सटे भू-भाग में 33 केवी जैसी उच्च धारा प्रवाह वाली लाइन के खंभे लगाना दुर्घटना को आमंत्रण देने जैसा है। नियमों के अनुसार विद्युत खंभे सड़क से कम से कम 10 मीटर दूर और इतनी ऊंचाई पर लगाए जाने चाहिए कि भारी वाहनों से न्यूनतम 5 मीटर की अतिरिक्त दूरी बनी रहे, लेकिन मौके पर स्थिति इसके ठीक उलट बताई गई है। सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र सिंह ने अपने बयान में कहा, "यह केवल तकनीकी लापरवाही नहीं बल्कि मानव जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ है। यदि समय रहते इस कार्य की जांच कर सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। ठेकेदार और इंजीनियरों की मिलीभगत से घटिया काम कर भुगतान लेने की कोशिश की जा रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ सकता है।" उन्होंने मांग की है कि टेंडर का प्राक्कलन, पीक्यूआर किस इंजीनियर ने बनाया, लोहे के खंभों के स्थान पर सीमेंट के खंभे क्यों लगाए गए, लाइन सड़क से सटे क्षेत्र में किसके निर्देश पर डाली गई और खंभों की ऊंचाई व मजबूती में लापरवाही क्यों बरती गई इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने की भी मांग की गई है।

### अमरकंटक रिसोर्ट में युवती ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधा/ कपिलधारा मार्ग पर स्थित एक रिसोर्ट में युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरकंटक रिसोर्ट के मैनेजर व व्यवस्थापक प्रकाश पांडे पिता सुरेश पांडे, उम्र 34 वर्ष, निवासी अमरकंटक ने थाने में सूचना दी कि 01 जनवरी को रिसोर्ट में किराए पर लिए गए कमरा नंबर 4 में एक युवती ठहरी हुई थी। युवती की पहचान कंचन कुमारी पिता महेश चंद्र, उम्र 19 वर्ष, निवासी श्रीनगर कॉलोनी, एसकेडी मॉडर्न इंटर कॉलेज वाली गली, कोरासी, एटा बाईपास रोड, कोल, जिला अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। बताया गया कि सुबह करीब 10 बजे जब रिसोर्ट स्टाफ द्वारा कमरे का दरवाजा खटखटाया गया, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर खिड़की की ओर से झांककर देखा गया, जहां युवती कमरे के सीलिंग फैन में अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर लटकी हुई दिखाई दी। घटना की सूचना तत्काल अमरकंटक थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग क्रमांक 01/26 धारा 194 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# ग्राम चंद्रागढ़ में रात्रि चौपाल, बैगा समुदाय की समस्याओं पर कलेक्टर ने लिया त्वरित संज्ञान

डिंडौरी






मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत नववर्ष के प्रथम दिन विकासखंड अमरपुर की ग्राम पंचायत खजरी माल के ग्राम चंद्रागढ़ में रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया। बैगा बाहुल्य इस ग्राम में आयोजित चौपाल में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया जमीन पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनती नजर आईं। इस अवसर पर जिला प्रशासन का संपूर्ण अमला उपस्थित रहा।ग्राम आगमन पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से किस्त भुगतान, मजदूरी और राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली। कई आवास अधूरे पाए जाने पर कलेक्टर ने एनआरएलएम प्रबंधक को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर आवासों का शीघ्र पूर्णता सुनिश्चित की जाए।चौपाल के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बीच बैठकर शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास तथा विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीणों ने ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना तथा चंद्रागढ़–खजरी एवं लाखों–चंद्रागढ़ सड़क निर्माण की मांग रखी। जल संकट को लेकर पीएचई विभाग ने 10 फरवरी तक पेयजल व्यवस्था पूर्ण करने का आश्वासन दिया।वन अधिकार पट्टों एवं वारिसान भूमि नामांतरण का विषय चौपाल में प्रमुखता से सामने आया। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि तीन दिवस के भीतर 19 मृतक नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा 9 नए पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टे वितरित किए जाएं। साथ ही तहसीलदार को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पात्र किसानों को दिलाने के निर्देश दिए गए।

चौपाल में 11 वर्षीय दिव्यांग बालिका शिवानी को ई-केवाईसी के अभाव में पेंशन न मिलने का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस जिला प्रबंधक को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएमओ, ग्राम पंचायत सचिव एवं जीआरएस को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत विकास प्रस्ताव तैयार कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने शासकीय कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने बैगा समुदाय के लोगों से उनकी सांस्कृतिक परंपराओं पर संवाद किया तथा नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम भारती मरावी, तहसीलदार शशांक तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी राजेंद्र कुमार जाटव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खरीदी केंद्रों का निरीक्षण : उठाव में तेजी लाने सहायक आपूर्ति अधिकारी के निर्देश



डिंडौरी

एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी ने गुरुवार को खरीदी केंद्र कठौतिया एवं मेंहदवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी गई उपज के सुरक्षित भंडारण एवं समय पर उठाव को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सहायक आपूर्ति अधिकारी ने खरीदी केंद्रों पर रखी सिली हुई बोरियों को विधिवत स्टैक लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि भंडारण व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित होनी चाहिए। संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए उन्होंने उपज की सुरक्षा के लिए पर्याप्त तिरपाल और पन्नियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए परिवहनकर्ता को अधिक संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया, ताकि खरीदी की गई उपज का शीघ्र उठाव हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर परिवहन न होने से खरीदी केंद्रों पर भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।सहायक आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध रूप से संपन्न कराना है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए।

# एसपी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़ मैत्री मैच में हेडक्वार्टर इलेवन की शानदार जीत

डिंडोरी



पुलिस विभाग में खेल भावना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसपी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कोतवाली, पुलिस लाइन, एसपी कार्यालय, होमगार्ड, शस्त्र सुरक्षा बल सहित कुल दस टीमें भाग ले रही हैं।प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को सुबह 9 बजे पहला मुकाबला पुलिस लाइन और होमगार्ड के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच शस्त्र सुरक्षा बल और कोतवाली इलेवन की टीमों के मध्य होगा। सभी मुकाबले दस-दस ओवर के निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता के मैचों का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा, जिससे दर्शक ऑनलाइन भी मुकाबलों का आनंद ले सकेंगे।एसपी कप के शुभारंभ से पूर्व शुक्रवार को मुख्यालय इलेवन और देहात इलेवन के बीच एक मैत्री मैच खेला गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने सभी खिलाड़ियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बनाए रखने का माध्यम हैं, बल्कि टीम भावना और अनुशासन को भी सुदृढ़ करते हैं।

मैत्री मैच 15-15 ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर मुख्यालय इलेवन के कप्तान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देहात इलेवन की टीम 70 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुख्यालय इलेवन ने बिना कोई विकेट गंवाए मात्र 9 ओवर में जीत दर्ज कर ली।इस मैत्री मैच के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी डिंडोरी सतीश द्विवेदी, एसडीओपी बजाग विवेक गौतम, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नागपुरे, गाड़ासरई प्रभारी गिरवर सिंह उईके, बजाग प्रभारी शिवलाल मरकाम, करंजिया प्रभारी नरेंद्र पाल, पुलिस लाइन प्रभारी सूबेदार कुंवर सिंह उलाड़ीं, यातायात प्रभारी सूबेदार अभिनव राय, अमरपुर चौकी प्रभारी अतुल हरदहा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।एसपी कप क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है और आने वाले दिनों में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है।

**नवांकुर संस्था जनजीवन कल्याण समिति बिछिया द्वारा रामघाट**

# रामघाट लक्ष्मण मड़वा में नर्मदा स्वच्छता अभियान सम्पन्न




**डिंडौरी ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था जनजीवन कल्याण समिति बिछिया द्वारा रामघाट, लक्ष्मण मड़वा क्षेत्र में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त कक्षा के दौरा एक्स्पोज़र विजिट अंतर्गत सम्पन्न हुआ।

नव वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को पिकनिक मनाने पहुँचे लोगों द्वारा तट पर फैलाई गई गंदगी को देखते हुए संस्था और छात्र-छात्राओं ने नर्मदा घाट पर व्यापक सफाई अभियान चलाया। प्लास्टिक, बोतलें, पैकेट तथा अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्र कर मां नर्मदा की स्वच्छता हेतु योगदान दिया गया। अभियान के दौरान वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और नर्मदा नदी को साफ रखने की जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने लोगों को नर्मदा स्वच्छता शपथ भी दिलाई, जिसमें नदी को प्रदूषणमुक्त रखने और गंदगी न फैलाने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम के अंत में नवांकुर संस्था द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को नर्मदा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख व्यक्ति विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूत नवांकुर संस्था से अजय ठाकुर, अरुण चंदेल, नरबदिया राठौर, मेंटर प्रकाश राजपूत, बृजमोहन, हनुमंत, ललित उद्दे, रघुनाथ चंदेल, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के समस्त छात्र-छात्राएं, नर्मदा स्वच्छता अभियान में छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र में स्वच्छता संदेश का व्यापक प्रसार हुआ।

# दनदना जलाशय से नहर में छोड़ा गया सिंचाई हेतु पानी, किसानों को मिली बड़ी राहत



**डिंडौरी ।** विकासखंड मेंहदवानी के ग्राम पंचायत देवरगढ़, सुखलौंड़ी, उमरिया, गुझियारी, खम्हरिया आदि के गांव के लोगों के द्वारा दनदना जलाशय सिंचाई हेतु पानी की मांग एवं क्षतिग्रस्त नहर को सुधार कार्य कराने की मांग बार-बार कलेक्टर के समक्ष आ रहीं थी जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए 18 दिसंबर 2025 को दनदना जलाशय का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जल ससांधन विभाग के अधिकारियों को समस्या का निराकरण और भोपाल बजट मांग हेतु पत्र लिखने के निर्देश दिए। जिसके परिपालन में दिनांक 02 जनवरी 2026 को जल संसाधन विभाग के द्वारा नहर की सफाई एवं सुधार कार्य किसानों की मांग के अनुरूप पूर्ण कराया गया। नहर की सफाई एवं आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण होने के उपरांत जलाशय से सिंचाई हेतु नहर में पानी छोड़ा गया, जिससे क्षेत्र के कृषकों को फसलों की सिंचाई में सुविधा प्राप्त हो सकेगी। नहर में जल प्रवाह प्रारंभ होने से कृषि कार्यों में गति आएगी तथा किसानों को समय पर पानी उपलब्ध हो पाएगा। नहर के संचालित होने से सिंचित एरिया के समस्त कृषकों के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। नहर सुधार एवं जल आपूर्ति से क्षेत्रीय किसानों में हर्ष का वातावरण है और उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु डिंडौरी जिले की 6 वर्षीय कार्ययोजना की समीक्षा

डिंडौरी ।




प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की नोडल अधिकारी, भारत सरकार की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति मीणा नायक द्वारा डिंडौरी जिले में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु आगामी 6 वर्षों की कार्ययोजना की व्ही.सी. (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान योजना से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषि विभाग, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, एनआरएलएम, सहकारिता, उद्योग विभाग, कौशल विकास, राजस्व, आत्मा, कृषि अभियांत्रिकी, वाटरशेड एवं कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के माध्यम से बहुआयामी कार्य किए जाने का प्रावधान है।

योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधिकरण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा, जैविक संसाधन आधारित इकाइयों का विकास, दलहन तिलहन, मशरूम, बांस एवं पुष्प उत्पादन को प्रोत्साहन, कटाई उपरांत भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई आधारभूत ढांचे में सुधार, पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी, कुटकुट एवं गोवंश आधारित आजीविका को सशक्त बनाना, फसल ऋण वितरण, राइस मिल एवं वेयरहाउस की स्थापना, उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना, छोटी कृषि जोतों का विस्तार, पलायन को कम करना, असिंचित भूमि को सिंचित बनाना तथा उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाना है। इसके साथ ही जिले के जैविक उत्पादों के प्रभावीकरण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। व्ही.सी. के दौरान कलेक्टर डिंडौरी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा**

# अमरपुर वनवासी टोला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड अमरपुर के वनवासी टोला में सामुदायिक जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं समुदाय के सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही विवाह आयोजनों से जुड़े सेवा प्रदाताओं—डीजे, बैंड पार्टी, टेंट हाउस, कैटरर, हलवाई, फोटोग्राफर आदि—का संवेदीकरण करते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे किसी भी बाल विवाह आयोजन में अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करेंगे।

सेवा प्रदाताओं ने यह भी संकल्प लिया कि बाल विवाह की आशंका होने पर वे तत्काल पुलिस, सीएमपीओ अथवा प्रशासन को सूचना देंगे तथा अपने प्रतिष्ठान एवं कार्यक्षेत्र में "यह क्षेत्र बाल विवाह निषिद्ध क्षेत्र है" और "बाल विवाह में शामिल न होने" संबंधी सूचना सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करेंगे।कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती धनमोतिन, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक द्वारा महिलाओं को 181, 1098, 1090 सहित विभिन्न सहायता सेवाओं एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई, जबकि स्वास्थ्य विभाग की एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं ने बाल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित परामर्श प्रदान किया।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कराना अथवा उसमें संलिप्त होना दंडनीय अपराध है और समाज, परिवार एवं सेवा प्रदाताओं की सामूहिक सहभागिता से ही बाल विवाह की कुप्रथा का पूर्णतः उन्मूलन संभव है।

खबर संक्षेप



## सनकादिक महाराज का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री श्री 1008 अनंत विभूषित राष्ट्रीय संत परम श्री सनकादिक महाराज चित्रकूट धाम का आगमन आज 3 जनवरी को श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर, बायपास रोड में शाम 5 बजे होगा। महाराज श्री दो दिवसीय प्रवास के पश्चात 5 जनवरी में प्रसन करेंगे। भक्त मंडल ने सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध है कि महाराज श्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पधारें।

## एक स्वर में उठी उप तहसील भवन की मांग

**सिवनी।** पेसा एक्ट के तहत आयोजित विशेष ग्राम सभा में सुकतरा और आसपास के ग्रामीणों का वर्षों पुराना दर्द शुक्रवार को खुलकर सामने आया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण एक मंच पर नजर आए और एक स्वर में मांग उठी उपतहसील भवन का निर्माण ग्राम पंचायत सुकतरा के खसरा क्रमांक 55 में ही किया जाए। ग्राम सभा में नायब तहसीलदार दामोदर दास दुवे, हल्का पटवारी राजीव सनोदिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, जिला पंचायत सदस्य तेजसिंह रघुवंशी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले, समाजसेवी नरेश चौरसिया, ग्राम पंचायत सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि खसरा क्रमांक 55 शासकीय भूमि है, जहां पहले से अन्य शासकीय भवन निर्मित एवं निर्माणाधीन हैं। इसके बावजूद उपतहसील भवन निर्माण में हो रही देरी ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। ग्राम सभा में यह भी बताया गया कि तहसीलदार न्यायालय कुरई द्वारा 22 जनवरी 2024 एवं 27 मई 2025 को दावे–आपत्तियों के लिए ईश्तहार जारी किए गए थे, परंतु निर्धारित समय सीमा में किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं हुई। ग्राम सभा ने निर्णय लिया कि यदि किसी कारणवश खसरा क्रमांक 55 में निर्माण संभव नहीं होता है, तो ग्राम पंचायत क्षेत्र की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 250 को विकल्प के रूप में चुना जाए, किंतु प्राथमिकता खसरा क्रमांक 55 को ही दी जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उपतहसील भवन निर्माण को लेकर ठोस एवं समयबद्ध निर्णय नहीं लिया गया, तो ग्राम सभा जनआक्रोश के तहत आंदोलनात्मक कार्यवाही करने को बाध्य होगी।

# पारिवारिक विवाद बना हत्या की वजह

# पति ने की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की। उक्त मामले मे बताया गया कि पारिवारिक विवाद के कारण पति ने पत्नि की हत्या की गई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। प्रकरण की प्राथमिक जांच पर पाया गया कि उक्त घटना को मृतिका के पति मनोज सोनी द्वारा कारित की गयी है जो अपनी पत्नि की हत्या करने के उपरान्त फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र कोतवाली के एक खेत से गिरफ्तार किया गया।

### मामला इस प्रकार

थाना कोतवाली अंतर्गत दिनांक 10 दिसंबर को प्रार्थी अभिषेक नेमा, निवासी बजरंग वार्ड, नरसिंहपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके मित्र सौरभ सोनी की माता श्रीमती लता सोनी की उनके निवास के ऊपर वाले कमरे में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गले में गंभीर चोटें पहुंचकर हत्या कर दी गई है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच कमेटी गठित कर जांच पड़ताल शुरू की गई। जिसमें पता चला कि हत्या के बाद से ही मृतिका का पति मौके से फरार है और उसे खोजने की कार्रवाई प्रारंभ की गई जिसे बीते दिवस गिरफ्तार किया गया।



### पारिवारिक विवाद बना हत्या का कारण

आरोपी मनोज सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिसने बताया कि उसकी पत्नि उसे कुछ काम न करने एवं घर जमाई होने का हमेशा ताना मारती थी एवं उसकी कोई बात नहीं मानती थी जिससे हमेशा दोनों के बीच लडाई झगड़ा होता रहता था जिसके चलते उसके द्वारा 9.12.2025 को भी रात्रि में उसकी पत्नी लता सोनी सो रही थी तब चाकू से पत्नि के गले में चोटें पहुँचाकर पत्नि की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना के समय पहने हुये कपडे टट्टा पुल के पास कबाड गोदाम के पीछ खडी कबाड़ की सफेद रंग की कार से उसकी निशादेही पर जप्त किए गए। आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बी.एन.एस पंजीबद्ध किया किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

फरार आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम को पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर फरार हुए आरोपी मनोज सोनी की शीघ्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। गठित विशेष टीम द्वारा प्रकरण में संदेही मृतिका लता सोनी के पति मनोज सोनी की सतत तलाश की जा रही थी। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों, रेलवे स्टेशनों, आसपास स्थित नर्मदा नदी के घाटों पर खोजबीन की गई तथा सी.सी.टी.वी. फुटेज भी लगातार चेक किए गए। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संदेही मनोज सोनी शहर के आसपास देखा गया है। प्राप्त सूचना की तस्दीक उपरांत मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान एवं उसके आसपास दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप नरसिंहपुर करेली मार्ग स्थित हाईवे के पास सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे खेत से संदेही मनोज सोनी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि मनीष मरावी, आरक्षक पंकज राजपूत, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रहलाद आरक्षक रोहित चन्पुरिया व नगर रक्षा समिति सदस्य शुभम मालवीय की सराहनीय भूमिका रही है।



## श्रीमद् भागवत कथा मे बताया रुक्मणी विवाह कथा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के रिपटा पार क्षेत्र मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कथा का आयोजन 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित विवेक महाराज के मुखारविंद से कथा के छठवें रुक्मणी विवाह का दिवस की कथा का रसपान कराया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने सानंद श्रवण किया। इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा बाजे गाजो से स्वागत किया। सनातन धर्म के अनुसार जय माला की रस्म सम्पन्न हुई। सभी ने पांव पखारे एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के यजमान विश्वनाथ राय एवं भगवती राय, सूरज राय ने सभी श्रद्धालुओं से धर्म लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह किया है।

## वैश्य महासम्मेलन इकाई बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस वैश्य महासम्मेलन इकाई बैठक सम्पन्न हुई बैठक के दौरान वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर 2026 के विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त आयोजन प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम मे कैलेंडर के विमोचन के साथ मासिक बैठक भी आयोजित की गई जिसमें जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई सुनील कोठारी ने अपने उद्बोधन में वैश्य महासम्मेलन के विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी अध्यक्ष अजय जैन ने सतत संपर्क द्वारा समाज के लोगों को सदस्यता ग्रहण करने के बारे में बताया जिला महामंत्री विनीत नेमा ने कैलेंडर वितरण को एक अभियान के रूप में चलाए जाने की बात कही कार्यक्रम में संभागीय संगठन मंत्री करेली से मुकेश सिंघई, जिला अध्यक्ष अजय जैन वरिष्ठ संरक्षक संतोष अवधिया जिला महामंत्री द्वय महीश मोदी, विनीत नेमा, तेंदूखेड़ा से तहसील प्रभारी पंकज स्वदेशी तहसील अध्यक्ष मिथिलेश (टिंकू) अग्रवाल, प्रवीण जैन की विशेष उपस्थिति रही।



## कलेक्टर ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में मध्यप्रदेश व्हालीबॉल खिलाड़ियों के दल के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए व्हालीबॉल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने जा रही सीनियर राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश दल के प्रशिक्षण शिविर नरसिंहपुर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मप्र व्हालीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मृदुल्लेश दुबे, व्हालीबॉल संघ के जोनल सेक्रेटरी मनीष कटारे, मप्र टीम के कोच साकिर हुसैन एवं टीम मैनेजर विजय सेन व निशा मिश्रा मौजूद थी।

# अतिथि शिक्षक संघ सांकेतिक धरना कल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अतिथि शिक्षक संगठन के प्रांत कार्यकर्ता एवं जिला अध्यक्ष एस के सोनी ने बताया कि आजाद अतिथि शिक्षक के प्रांत आव्हान पर 4 जनवरी दिन रविवार को स्थानीय जनपद मैदान नरसिंहपुर में सांकेतिक अनशन कर प्रदर्शन किया जाएगा फिर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर में जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली निकाल कर अतिथि शिक्षक सरकार का ध्यान आकर्षण करेंगे और नियमितीकरण व अतिथि शिक्षक महापंचायत में किये वादे पूरा करें के नारे बुलंद किए जाएंगे। जिले के सभी अतिथि शिक्षकों से उक्त प्रदर्शन में उपस्थित की अपील की गई है। एस के सोनी, बृजेंद्र नेमा, भगवान दास मरावी, दीपक कुर्मी, मनेद्र मेहरा, राजकुमार लोधी और विपिन लांघनिया के साथ विभिन्न कार्यालय में सूचना देते हुए।

### खनिज विभाग ने एक माह मे बनाए 13 प्रकरण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि माह दिसम्बर 2025 में खनिज विभाग द्वारा जांच की कार्यवाही के दौरान खनिज वाहनों से भरे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 13 प्रकरण बनाए गए, जिसमें से अवैध परिवहन के 11 प्रकरण बनाए गए। इन प्रकरणों में 15 लाख 62 हजार 700 रुपये की जुर्माना राशि अधिरोपित कर 14 लाख 67 हजार रुपये की राशि जमा कराई गई। अवैध उत्खनन के दो प्रकरणों में 86 हजार 250 रुपये की जुर्माना राशि अधिरोपित कर 60 हजार रुपये की राशि जमा कराई गई।

## जन्मदिन पर सेवा की मिसाल- स्नेहलता श्रीवास्तव ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**गोटेगांव।** नगर की प्रतिष्ठित नागरिक और अंतर्राष्ट्रीय मानव सुरक्षा संगठन की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर सेवा कार्य कर एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने अपने जन्म दिवस की शुरुआत सर्वप्रथम बकतला स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती वंदन के साथ की, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत श्रीमती श्रीवास्तव सीधे नगर स्थित श्रीधाम हॉस्पिटल पहुँचीं। और वहां पहुंचकर पहुँचकर उन्होंने वहां भर्ती मरीजों को फल वितरित किए, और उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही उपस्थित सभी मरीजों को जलेबी से मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद लियाi इस दौरान उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की और उनका मनोबल बढ़ाया। समाजसेवी भावना के साथ मनाए गए इस जन्मदिन के अवसर पर उनके शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।



### उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा हेतु आवेदन 16 से

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2026-27 के आवेदन फॉर्म म.प्र. सरकार के पोर्टल पर निर्धारित शुल्क 200- पोर्टल शुल्क सहित अंतिम तारीख 16 जनवरी 2026 तक भरे जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन हेतु कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र छात्राएं अपने निकटतम एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क सेंटर पर कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण-पत्र एवं आरक्षण श्रेणी ई.डब्लू.एस एस.सी. एस.टी. ओ.बी.सी जाति प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र/ छात्राएं अपनी श्रेणी से चयन हेतु आवेदन दर्ज करा सकते हैं। छात्र को पासपोर्ट साइज कलर फोटो जिसमें छात्र का नाम, खिचवाने की दिनांक अंकित होना चाहिए।

### स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स रजिस्ट्रेशन 5 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के एमएसएमई विभाग द्वारा रविन्द्र भवन भोपाल में 11 और 12 जनवरी को आयोजित किये जा रहे मध्य प्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड्स-2026 में सहभागिता सुनिश्चित करने नरसिंहपुर जिले के स्टार्टअप से शीघ्र अपना पंजीयन कराने का आग्रह जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने किया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक पंकज सिंह पटेल के अनुसार नरसिंहपुर जिले के सभी स्टार्टअप को स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स में सहभागिता, प्रदर्शनी, अवॉर्ड नामांकन तथा वित्तीय योजनाओं के अंतर्गत लाभ सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि समिट में प्रदान किये जाने वाले अवार्ड के लिये जिले के स्टार्टअप 5 जनवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

# वर्षों का इंतजार खत्म, झोतेश्वर में फिर से धड़केंगी स्वास्थ्य सेवाएं

### सीएमएचओ ने परखा झोतेश्वर अस्पताल का काम, 100 बेड की सुविधा जल्द

**गोटेगांव।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र झोतेश्वर और आसपास के ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा झोतेश्वर का 100 बिस्तरों वाला अस्पताल जल्द ही शुरू होने वाला है। वर्तमान में अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के सुधार और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों का जायजा लिया।



सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने भवन के विभिन्न वार्डों और कक्षों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बिल्डिंग का नवीनीकरण पूर्ण होते ही यहां आवश्यक चिकित्सा उपकरण और स्टाफ की तैनाती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे सुदूर वनांचल क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक ही सुलभ हो सकेंगी।

# अतिथि शिक्षकों को नहीं मिला नवंबर माह का वेतन

**तेंदूखेड़ा।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराने वाले अतिथि शिक्षकों को नवम्बर माह का वेतन नहीं मिला है। विगत 17 वर्षों से अल्प वेतनमान पर कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों को हर बार अपने मानदेय के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है। हाल ही में कुछ समय पूर्व राज्य सरकार द्वारा एक पत्र जारी किया गया था जिसमें साफ तौर पर निर्देशित किया गया था कि माह की प्रत्येक 5 तारीख तक अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान हो जाना चाहिए। लेकिन जब अभी नवम्बर माह का ही भुगतान नहीं हुआ है तो सोचनीय विषय बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले के बहुत से ब्लॉकों में माह नवंबर का भुगतान भी तक नहीं हुआ है।जिसके चलते बहुत से अतिथि शिक्षकों के सामने अपनी रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न होने लगा है। वहीं ऑनलाइन उपस्थिति में अतिथि शिक्षकों को कोई सुविधा प्रदान न होने के कारण भी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस दिन ऑनलाइन उपस्थिति नेटवर्क समस्या या अन्य किसी कारण से नहीं लग पाती है उस दिन का वेतन शासन द्वारा अतिथि शिक्षकों वेतन आहरित नहीं किया जाता है। स्मरण रहे कि प्रदेश में विगत 17 वर्षों से अतिथि शिक्षकों के द्वारा अपनी नियमितीकरण और वेतन बढ़ाने के लिए तहसील स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अनेकों बार आंदोलन ज्ञापन भी दिये जा चुके हैं। परंतु शासन द्वारा सिर्फ चुनावी सालों में ही अतिथि शिक्षकों को कोरा झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। जिसके चलते बहुत से अतिथि शिक्षकों का भविष्य आज गर्त की ओर जाता दिख रहा है। प्रदेश के सैकड़ो अतिथि शिक्षकों ने मांग की है कि शासन समय रहते सभी अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण सुनिश्चित करें एवं माह की 5 तारीख तक पूर्ण भुगतान दिलाने का प्रयास करें। जिससे किसी भी अतिथि शिक्षक के सामने रोजी-रोटी के संकट उत्पन्न ना हो सके।

### इनका कहना है

विकास खंड के सभी संकुलों द्वारा समय पर बिल विकासखंड भेज दिए गए थे ।और हमारे द्वारा भी ट्रेजरी ऑफिस बिल भेज दिए हैं। परंतु बजट अभाव के कारण माह नवंबर का भुगतान नहीं हो पाया है। जैसे ही बजट पूर्ति होती है माह नवंबर दिसंबर का भुगतान कर दिया जाएगा।

**पंचम सिंह मरावी**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी चांवरपाठा**